## खबर संक्षेप

### 35 प्रतिशत से अधिक गिरदावरी का कार्य पूर्ण

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2025 - 26 के तहत जिले में गुरूवार 20 फरवरी की अवधि तक कुल 35 फ़ीसदी गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले की 9 तहसीलों के कुल क्षेत्रफल 437875.34 हेक्टेयर में से 192793.43 हेक्टेयर की गिरदावरी की जा चुकी है। जबकि निजी क्षेत्रफल के 286667.88 हेक्टेयर में से 98189.04 हेक्टेयर क्षेत्रफल की गिरदावरी जा कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं शासकीय क्षेत्रफल में 94604.39 हेक्टेयर क्षेत्रफल की गिरदावरी जा कार्य पूर्ण किया जा चुका है। गिरदावरी के कार्य में तहसील स्लीमनाबाद 33.33 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया है तो वही तहसील कटनी 28.09 फीसदी कार्य पूर्ण कर किया है जबकि तहसील बड़वारा ने में अब तक 25.76 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया है। इसी तरह शेष अन्य तहसीलों, तहसील बरही में 36.24 फीसदी, तहसील ढीमरखेड़ा में 45.97 फीसदी, कटनी नगर में 28.55 फीसदी, विजयराघवगढ़ में 34.57 फीसदी, रीठी में 39.35 फीसदी तथा तहसील बहोरीबंद में 28.58 फीसदी गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### भुगतान प्रक्रिया में हीलाहवाली पर किया गया कार्य से पृथक

**कटनी।** किसान विपणन सहकारी समिति मर्यादित बड़वारा के उपार्जन केन्द्र हदरहटा के आपरेटर द्वारा किसानों के भुगतान संबंधी प्रकिया में विलंब करने से किसानों में असंतोष की स्थिति व्याप्त होनें तथा जनसुनवाई के माध्यम से भी इनकी शिकायत प्राप्त होने को गंभरता से लेते हुए प्रथम दृष्टया दोषी मानकर आपरेटर भगवत साहू को आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 कार्य से प्रथक कर दिया गया है। किसान विपणन सहकारी समिति मर्यादित बड़वारा के अध्यक्ष द्वारा जारी ओदश में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के भुगतान विलंब, लंबित होने पर वरिष्ठ अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाकर संबंधितों पर कार्यवाही के निर्देश दिये जानें का लेख किया गया है।

### जिले में राजस्व प्रकरणों का हो रहा त्वरित निराकरण

**कटनी।** प्रदेश सरकार द्वारा भूमि रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने तथा राजस्व संबंधित विवादों का निराकरण करने के उद्देश्य से जिलेभर में अभियान स्वरूप कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, नक्शा तरमीम, समग्र ई -केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान सैचुरेशन, स्वामित्व, फार्मर रजिस्ट्री, प्रचार-प्रसार, की गतिविधियां संचालित की जा रही है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में रिकार्ड 4 लाख 87 हजार 693 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त ई-केवाईसी के 1 लाख 60 हजार 114 मामलों का भी निराकरण किया जा चुका है। अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ राकेश कुमार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक महाअभियान के तहत निर्देशित विभिन्न वर्गों के प्रकरणों के निपटारे की सतत समीक्षा की वजह से 19 फरवरी तक सीमांकन के 10404, नक्शे में बटांकन के 65429, आधार से खसरे में आर.ओ.आर लिंक के 314248, फार्मर आई.डी के 97612 मामलों का निपटारा किया जा चुका है।

### घायल वृद्ध ने इलाज दौरान दम तोड़ा

**कटनी।** छत से नीचे गिरने की वजह से एक वृद्ध की मौत हो गई है। घटना माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पडुआ में हुई। जानकारी के अनुसार ज्ञानी पटेल 61 निवासी ग्राम पडुआ छत से गिरने के कारण घायल हो गए थे। इलाज दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर की टीम ने बड़वारा में की कार्यवाही

# रिश्वतखोर बीआरसी: स्कूल की मान्यता दिलाने मांगी 10 हजार की घूस, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बड़वारा विकासखंड के बीआरसी मनोज गुप्ता को ईओडब्लू की टीम ने 10 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा है। बीआरसी मनोज गुप्ता द्वारा प्राथमिक स्कूल की मान्यता के संबंध में रिश्वत की मांग की जा रही थी। जानकारी के अनुसार प्रार्थी राघवेंद्र सिंह ने बीआरसी कार्यालय में कक्षा 5वी तक के स्कूल की मान्यता के लिए आवेदन किया था। जिसके सत्यापन और मान्यता दिलाने के एवज में बड़ी रकम की मांग रखीं थी। राघवेंद्र के विनती करने पर बात 10 हजार में तय हुई। राघवेंद्र सिंह द्वारा ईओडब्लू में पहुंचकर बीआरसी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई।

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई जबलपुर को आवेदक राघवेन्द्र सिंह पिता स्व. कुशल सिंह, निवासी रोहनिया, थाना बड़वारा द्वारा 17 फरवरी 2025 को आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि हम लोग बड़वारा में 'योग्य निर्माण इंग्लिश मीडियम स्कूल' संचालित



करना चाहते हैं। स्कूल की नवीन मान्यता के लिए ऑन लाइन आवेदन किया गया था। संपूर्ण फाइल मनोज गुप्ता विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केन्द्र, बड़वारा (बीआरसी) के पास 14 फरवरी 2025 को जमा की गई। जिस पर मनोज गुप्ता द्वारा कहा गया कि पैसे खर्च करने पड़ेंगे तब तुम्हारा काम होगा। मनोज गुप्ता द्वारा नवीन स्कूल के पंजीयन के लिए रिश्वत की



माँग की जा रही है।

शिकायत पर 20 फरवरी को आवेदक राघवेन्द्र सिंह से 10,000 रूपये रिश्वत लेते हुए आरोपी मनोज गुप्ता, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक, बड़वारा (बीआरसी), को ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा रंगे हांथों पकड़ा गया। जिस पर आरोपी मनोज गुप्ता के विरूद्ध लोक सेवक के रूप में रिश्वत लेने पर अपराध क्रमांक-23/25 धारा 7 (ए) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित अधिनियम, 2018 का पंजीबद्ध किया गया।

ट्रैप कार्यवाही आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, इकाई जबलपुर के ए.व्ही. सिंह, उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में मुकेश खम्परिया, उपुअ., स्वर्णजीत सिंह धामी, उपुअ., प्रेरणा पाण्डेय, निरीक्षक, मोमेन्द्र मर्सकोले, निरीक्षक एवं अन्य सदस्यों के द्वारा स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष की गई।

# संभागायुक्त ने क्षेत्रीय प्रबंधक को जारी किया नोटिस, जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

संभागायुक्त अभय वर्मा ने मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं एल-2 अधिकारी के विरूद्ध कलेक्टर कटनी दिलीप कुमार यादव द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही के भेजे प्रस्ताव के आधार पर श्री अहिरवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संभागायुक्त श्री वर्मा द्वारा जारी नोटिस में एल.एल. अहिरवार को 15 दिवस के भीतर पक्ष रखने के निर्देश दिए गये हैं। उल्लेखनीय है कि कटनी कलेक्टर यादव ने सी.एम. हेल्पलाइन के मामलों के निराकरण में रूचि नहीं लेने पर एल-2 अधिकारी क्षेत्रीय प्रबंधक एल.एल. अहिरवार के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव संभागायुक्त जबलपुर को भेजा था।

कलेक्टर कटनी ने संभागायुक्त को भेजे प्रस्ताव में उल्लेखित किया था कि सी०एम० हेल्पलाईन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय-सीमा में अटेंड किया जाकर शिकायतों का निराकरण किये जाने के निर्देश है, किन्तु माह जनवरी 2025 की प्राप्त शिकायतों में श्री अहिरवार द्वारा 67 शिकायतों को अटेंड नहीं किये जाने के कारण उच्च लेबल पर अंतरित हो गई। जिससे जिले एवं विभाग की ग्रेडिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है तथा कटनी जिले को 10 नंबर के वेटेज में 9.88 अंक ही प्राप्त हो रहे है। पूर्व के माहों में शासन स्तर से जारी ग्रेडिंग में जिला कटनी निरंतर दो माहों से 0.54 अंक से दिसम्बर 2024 एवं 0.30 अंक से नवंबर 2024 में मामूली अंतर से प्रथम स्थान प्राप्त न कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है जिससे स्पष्ट होता है कि कम अंकों के मार्जिन से जिला प्रथम स्थान अर्जित नहीं कर पा रहा है। सी०एम० हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में अटेंड न किये जाने से जिले को 0.12 अंक कम प्राप्त हो रहे है। साथ ही आम जनता विशेषकर किसानों के भुगतान संबंधी शिकायतों को अटेंड न किये जाने से शिकायतों की संतुष्टिपूर्ण बंद कराये जाने की संभावना को एल-2 स्तर से समाप्त कर दिया गया है। जिससे जिले को 60 प्रतिशत संतुष्टि के वेटेज में भी नुकसान हुआ है। इसके लिये एल-2 अधिकारी एल.एल. अहिरवार जिम्मेदार हैं।

## उमावि पिपरौध में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# छात्र छात्राओं को सुरक्षा एवं अधिकारों की दी जानकारी देकर किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास द्वारा छात्र-छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिपरौंध में छात्र-छात्राओं हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास, जिला-कटनी द्वारा छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच को पहचानना, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बाल मित्र प्रावधानों, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098, पॉक्सों ई-बॉक्स की जानकारी दी गयी। साथ ही बेटी बचाओं- बेटी पढ़ाओं अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में श्रीमती शैली तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को हब फॉर इमपावरमेंट ऑफ वूमेन, वन स्टाप सेंटर, महिला हेल्प लाईन 181 एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में अवगत करवाया गया। प्राचार्य जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा जागरूकता सत्र को ज्ञान वर्धक एवं छात्र-छात्राओं हेतु उपयोगी बताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालयीन अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## गैतरा में पशु कल्याण जागरूकता शिविर आयोजित




कलेक्टर दिलीप कुमार यादव विकासखंड कटनी के ग्राम गैतरा में आयोजित जिला स्तरीय पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता शिविर में पहुंचकर शिविर का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ आर के सोनी भी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने यहां जागरूकता शिविर में पशुपालकों से चर्चा कर शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। शिविर में नि :शुल्क पशु उपचार, रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण, खुरपका मुंहपका ,एफ एम डी रोग, का टीकाकरण किया जा रहा है। साथ ही कुत्तों में रेबीज रोग का टीकाकरण और बैलों का बधियाकरण एवं गायों में कृत्रिम गर्भाधान कार्य भी शिविर में किया जा रहा है। पशुओं के कल्याण हेतु पशुपालकों की जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया ।

# आबकारी अमले ने अवैध मदिरा का कारोबार करने वालों पर की कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध रूप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही का सिलसिला लगातार जारी है।

जिला आबकारी अधिकारी आर.के.बघेल ने बताया कि अभियान के तहत विगत दिवस आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 03 के ग्राम हिरवारा, हीरापुर, कौड़यि में विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा दबिश दी गई। उक्त दबिश की कार्यवाही के दौरान 219 पाव देशी मदिरा जब्त की गई। तथा आरोपियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के 3 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही के दौरान जब्त की गई मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 17 हजार रुपये है।

उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक केशव प्रसाद उइके, अभिषेक सिंह बघेल आबकारी आरक्षक राम सिंह, नगर सैनिक सचिन दुबे सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

# अधूरी नल जल योजनाओं को शीघ्र करें पूरी, कोताही पर होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

ग्रीष्मकाल की शुरुआती आहट मिलते ही जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जनपद पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता हेतु जल जीवन मिशन योजनाओं के अंतर्गत समीक्षा जारी हैं। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में गुरुवार को जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यों और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव तथा जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में ढिलाई, लापरवाही एवं कोताही बरतने वाले लोक सेवकों के विरुद्ध जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ठेकेदारों को निर्देशित किया कि अधूरी नल जल योजनाओं, परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करते हुए संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित करें। ग्राम पंचायत भी हैंड ओवर करने के पहले अधूरे कार्यों को पूर्ण करा लें। श्री कोरी ने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ठेकेदार और ग्राम पंचायतें ग्रीष्म ॠतु में इलेक्शन मोड में सजग, सतर्क और चौकस रहकर पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता हेतु आवश्यक कार्य संपादित करते रहे। पानी का दुरुपयोग न हो इस हेतु भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जनपद पंचायत के सीईओ ने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल और हर घर जल पहुंचना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत हुआ सामूहिक विवाह का आयोजन

# नगर निगम परिसर में 46 नव दंपत्तियों ने लिये सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नगर निगम कार्यालय परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत 46 कन्याओं के विवाह का आयोजन हुआ। उत्सवपूर्ण वातावरण में वर-वधू पक्ष के रिश्तेदारों की चहल-पहल रही। विवाह उत्सव में गायत्री परिवार के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण करके वैवाहिक रस्मों को पूर्ण कराया। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति सूरी और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव,निगमायुक्त नीलेश दुबे ने वर -वधू को उनके सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी और मेयर इन काउंसिल सदस्य सहित नगर निगम के पार्षदगण भी इस आयोजन में सहभागी बने। कार्यक्रम में प्रत्येक नवयुगल को गृहस्थी का सामान खरीदने उपहार स्वरूप 49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

वैवाहिक आयोजन में वर वधु सहित उनके रिश्तेदारों के लिए बेहतर बैठक व्यवस्था,



शीतल पेयजल एवं पंडाल आदि की उचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर वर-वधू पक्ष को भोजन हेतु लंच पैकेट दिये गये।

### मिलेंगे 49 हजार रूपए

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से सरकार द्वारा गरीब लाभार्थी परिवार की बेटियों को शादी के लिए अब 55 हजार की वित्तीय धनराशि प्रदान की जाती है। योजना के माध्यम से गरीब परिवार की बेटियों के खाते में 55 हजार की राशि से 49 हजार रुपये की धनराशि ट्रांसफर की जाती है जिससे वह अपनी पसंद का गृहस्थी का सामान खरीद सके। शेष 6 हजार रुपये सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजनकर्ता को दी जाती है। कार्यक्रम का संचालन निगम राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, मयंक गुप्ता, एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी,डॉ रमेश सोनी,सुभाष साहू,सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शीला अज्जू सोनी,सीमा श्रीवास्तव,वंदना राजकिशोर यादव,रेखा संजय तिवारी,सरला संतोष मिश्रा,राजेश भास्कर,सुखदेव चौधरी,उमेन्द्र अहिरवार, सचिन बहरे, विनोद यादव,सोनू सचिन बहरे,पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव,कमलेश चौधरी,समाजसेवी अजय सरावगी,विनीत जायसवाल,कपिल रजक,अज्जू सोनी, उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार,प्र.सहा यंत्री आदेश जैन,अनिल जायसवाल,सुनील सिंह सहित निगम के अधिकारी एवं गायत्री परिवार के सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



# कलश शोभायात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

संत अच्चतम गिरी महाराज के सानिध्य में सिमरिया के पोंडी खिरवा में गुरुवार को कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा एवं साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ की शुरुआत हुई। खिरवा पोंडी स्थित सूरदास आश्रम से शुरू हुई कलश शोभायात्रा मुख्य मार्ग से हनुमान मंदिर से होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुचीं।बैंड बाजों की धुन में शुरू हुई निकाली शोभायात्रा में महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश लेकर चलती रही। यज्ञाचार्य, कथावाचक और यजमान सहित श्रद्धालुगण शोभायात्रा में शामिल रहे। मैहर के यज्ञाचार्य कार्तिकेय पाण्डेय के नेतृत्व में साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ होगा। जबकि वृन्दावन धाम से पहुँची कथावाचक सिया किशोरी के द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। 20 फरवरी से शुरू हुआ धार्मिक आयोजन 27 फरवरी को भण्डारे के साथ समापन होगा। सूरदास आश्रम में बीते 3 फरवरी से 20 फरवरी तक सीताराम अखण्ड कीर्तन चलती रही।

**खबर संक्षेप**

## सामूहिक विवाह सम्मेलनों की तिथियां प्रस्तावित

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाय योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024‘-2025 हेतु में आयोजित होने वाले सामूहिक सम्मेलनों के लिये परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा तिथियों का अनुमोदन किया गया है, जिसके अनुसार फरवरी माह की 6 एवं 7 तारीख को जिले में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के उपसंचालक नयन सिंह द्वारा एक पत्र जारी करते हुए जनपद पंचायत विजयराघवगढ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित नगर परिषद बरही एवं विजयराघवगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाय योजना के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार सामूहिक विवाह सम्मेलन के संबंध में अपने क्षेत्र के अंतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाकर नियत तिथि पर लक्ष्य के अनुसार जोड़ों को सम्मिलित कराते हुये सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराये का लेख किया है।

## दो युवकों ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कटनी।** अलग अलग कारणों से दो युवकों ने आत्महत्या कर ली। घटना एनकेजे थाना क्षेत्र की है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंकित उर्फ बिट्टू चौधरी रमेश चौधरी 19 निवासी एनकेजे फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने बताया कि परिजनों से हुए बयानों के आधार पर पता चला है कि युवक ने अपनी मां से पांच हजार रुपये खर्चे के लिए मांगे थे लेकिन मां ने कुछ रुपये तो दिए लेकिन कुछ रुपये देने के लिए कुछ समय मांगा था। इस बात से युवक नाराज हो गया और कुछ देर बाद फांसी के फंदे पर लटक गया। दूसरे मामले में मनोज पिता नरेश पटेल 35 निवासी केवलारी थाना एनकेजे फांसी पर लटका मिला। पुलिस मामले की जांच में लिया है। दोनों मामलों में पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करवाई करवाकर शव को पीएम के लिए रखवाया है।

## सड़क हादसों में प्रौढ़ एवं युवक की मौत

**कटनी।** सड़क हादसों में घायल एक प्रौढ़ एवं युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक लक्ष्मी प्रसाद यादव पिता खुशीराम यादव 65 निवासी ग्राम भगनवारा थाना स्लीमनाबाद की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद क्षेत्र में ही मनोज प्रसाद शाह पिता किशुन शाह 42 निवासी मोरी रोड महिम मुंबई महाराष्ट्र की सड़क दुर्घटना से घायल होने के कारण इलाज दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता की आवेदन तिथि बढ़ी

**कटनी।** अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 25 फरवरी निर्धारित की गई है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि 25 फरवरी के बाद अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जा सकेगी। मान्यता संबंधी निर्देश पूर्व की तरह यथावत रहेंगे। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिये अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। अशासकीय विद्यालयों की दिक्कतों को देखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने आवेदन तिथि में वृद्धि की है। स्कूल शिक्षा विभाग ने समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना लागू की है। योजना का नोडल अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग निर्धारित किया गया है। समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर सीधे विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गई है।

### दद्दाधाम व झिंझरी में एक रात में तीन घरों में की थी चोरी, कटनी के साथ मैहर में भी वारदात

# पुलिस के हत्थे चढ़े चार शातिर बदमाश साढ़े तीन लाख के जेवरात किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधवनगर थाना क्षेत्र में हो रही चोरियों के मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चार शातिर चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए चोर माधवनगर की शुभ सिटी, दद्दा धाम सहित अन्य जगहो में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पकड़े गए चोरों के पास से लगभग साढे 3 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं। यह कार्यवाही एसपी के निर्देशन, एएसपी एवं सीएसपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि रूपेन्द्र राजपूत व चौकी प्रभारी झिंझरी उनि प्रियंका राजपूत के नेतृत्व में की गई है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी सूर्य नारायण 63 साल निवासी दद्दाधाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 02/01/25 को अज्ञात व्यक्तियो के व्दारा घर का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी कर ले गये है। इसी तरह श्रीधर पाण्डे 49 साल निवासी शुभ सिटी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 फरवरी 2025 को जब अपने घर शुभसिटी माधवनगर वापस आया तो उसके घर के मुख्य गेट व अंदर के ताला टुटा हुआ था तथा घर का सारा समान बिखरा पड़ा हुआ था तथा घर की आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी अज्ञात चोरो ने चोरी कर लिए है। संजय कुमार गौतम निवासी शुभसिटी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 31.01.25 की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर का ताला तोडकर घर के अन्दर घुसकर सोना चांदी का जेवरात और नगदी चोरी कर ले गया है। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार प्रार्थी प्रणव कुमार बैनर्जी के घर में भी जेवरात व नगदी चोरी होना बताये। तीनो लोगो के घर में एक ही रात में घर का ताला तोडकर घर के अन्दर घुसकर सामान चोरी कर ले गया है।

अज्ञात चोरो की तलाश के लिए पुलिस टीम बनाकर मुखबिर तंत्र को लगाया गया वरिष्ठ अधिकारीगण के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम व्दारा घटना स्थल के आसपास एवं शहर के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये व भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्रों व तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से संदेहियों से पूछताछ की गई। जिसमें खलीफा उर्फ ज्ञानचंद माझी 2. जितेन्द्र उर्फ पवनू मांझी 3. शिव कुमार मांझी 4. गुड्डू सनोडिया व्दारा चोरी की घटना को स्वींकार किया गया जिनसे पुलिस ने चोरी का मशरूका बरामद किया है।

### कटनी, मैहर में करते थे चोरियां

पकड़े गये चोरो ने पूछताछ के दौरान कटनी व सीमावर्ती जिला मैहर में भी चोरी की घटनाओ को अंजाम देने की बात कबूली है। आरोपियों के जिला कटनी में माधवनगर, कुठला, स्लीमनाबाद व जिला मैहर में आपराधिक रिकार्ड मिले है जिनके और भी आपराधिक रिकार्ड खंगाले जा रहे है।

### इनको किया गयसा गिरफ्तार

खलीफा उर्फ ज्ञानचंद माझी पिता लालमन मांझी 35 साल निवासी ग्राम मतवारी], जितेन्द्र उर्फ पवनू मांझी पिता स्व० खुन्नू मांझी 26 साल निवासी मतवारी, शिव कुमार मांझी पिता भन्नू मांझी 28 वर्ष निवासी ग्राम कैमोरी, गुड्डू सनोडिया पिता बंशरूप सनोडिया 35 साल निवासी ग्राम घुघरा शामिल हैं।

### चोरो से जेवरात किये बरामद

गिरफ्तार किये गए चोरों के पास से पुलिस ने एक सोने का हार, एक सोने की चैन, एक सोने का मंगल सूत्र, सोने के टॉप्स 3 जोड़ी, एक सोने की अंगुठी (जेन्स), तीन सोने की अंगुठी (लेडिस), 6 जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के सिक्के- 06-06, चांदी का गुच्छा- 01-01 बरामद किया गया है।

चोरों को पकड़ने में उनि रूपेन्द्र राजपूत थाना प्रभारी माधवनगर, उनि प्रियंका राजपूत चौकी प्रभारी झिंझरी, सउनि संतोष सिंह, शशिभूषण बागरी, प्रआर० आकेश तिवारी, पंकज त्रिपाठी, राजेश चौधरी, श्रीकांत सेन, प्रशांत विश्वकर्मा, आरक्षक सुरेश कोरी, अजय सिंह, जज कुमार, अनूप सिंह, पंकज कुमार, अजय साकेत, सैनिक अक्षय पाण्डे की भूमिका रही है।

## शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने सट्टा पर्ची काट रहे सटोरियों सहित शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की है। अलग अलग स्थानों में शराब की अवैध बिक्री करने वालों को गिरफ्तार किया गया। उमरिया पान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी द्वारा निर्देश प्रदान किए गए हैं। एसडीओपी प्रभात शुक्ला के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए अलग-अलग टीम बनाकर शराब के चार ठिकानों में दबिश दी गई। इस दौरान अवैध शराब विक्रय करते इंद्रपाल सिंह ठाकुर, बबलू सिंह, सुखराम सिंह एवं संतोष यादव को रंगे हाथों पकड़ा गया। चारों आरोपियों के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही क्षेत्र में चोरी छिपे सट्टा पट्टी काटते हुए सुग्रीव लोधी एवं ललित वंशकार को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों से सट्टा पट्टी और नगद रुपए जप्त करने के बाद उनके खिलाफ 4 का जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने इस तरह के कार्यवाही आगे भी की जाएगी।

*तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित*

## दो सैकड़ा विद्यार्थियों ने एक दिवसीय कॅरियर अवसर मेला में की सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्लेसमेन्ट ड्राईव का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 200 विद्यार्थियों ने एक दिवसीय कॅरियर अवसर मेला में सहभागिता की। इसमें 110 प्रतिभागी बोर्ड के समक्ष इन्टरव्यू देने उपस्थित हुए और 31 विद्यार्थियों ने ऑनलाईन साक्षात्कार दिया। जिन्हें प्राथमिक तौर पर चयन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

मेले का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई ने किया। बाजपेई जी ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारण करना चाहिए और समर्पण भाव से रोजगार, स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्न करना चाहिए। कॅरियर मार्गदर्शन योजना की जिला नोडल अधिकारी डॉ. चित्रा प्रभात ने विद्यार्थियों को कॅरियर अवसर मेला की जानकारी दी और कहा कि ऐसे कॅरियर अवसर मेला का लाभ विद्यार्थियों को लेना चाहिए। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. व्ही.के.द्विवेदी ने बताया कि 04 निजी कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इन्होंने ट्रेनी रिक्यूटर, को-ऑर्डीनेटर, काउन्सलर, टीम मैनेजर, सेल्स एग्ज्यूकेटिव, रिलेशनशिप ऑफिसर, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव इत्यादि पदों के लिए साक्षात्कार लिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. व्ही.के.द्विवेदी ने किया। प्लेसमेन्ट ड्राईव में विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर कम्पनी में प्लेसमेन्ट मिलेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक संवर्ग का सहयोग सराहनीय रहा।

### संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



दुबे कॉलोनी शिव धाम में सार्वजनिक संगीतमय श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा का दिव्य भव्य आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी रेखा अंजू तिवारी ने बताया कि व्यासपीठ वृंदावन आचार्य अनुज कृष्ण शास्त्री के मुखारबिंद से भक्तो को कथा सुनाई जा रही है। प्रात :काल श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ का परायण होगा एंव दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमदभागवत कथा का प्रवचन होगाऔर यह श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा की अमृतमई वर्षा 19 फरवरी से 25 फरवरी तक होगी एंव बाबा भोलेनाथ की पावन पुनीत शिवरात्रि पर सुबह अभिषेक कर हवन–पूजन कर भव्य भंडारा किया जायेगा इस पुनीत कार्य मे आयोजन समिति के सदस्य समाजसेवी पप्पू विश्वकर्मा,रवि खरे,मनीष अंनी,कमल शर्मा,अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संस्थापक सरमन तिवारी, समाजसेवी श्रीमति वंदना मिश्रा, समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी, श्रीमति सीता तिवारी, सपना पांडेय, ने सभी भक्तो से श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा स्थल पर पहुंचकर पुण्य अर्जित करने अपील की है।

## कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये तीन शिफ्टों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

प्रयागराज महाकुंभ मेला के दौरान जिले के रेल्वे स्टेशनों एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए कटनी जंक्शन, मुड़वारा एवं अन्य रेलवे स्टेशन व इसके आस-पास के क्षेत्रों में काननू एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर 28 फरवरी तक के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गयी है।

### तीन शिफ्ट में ड्यूटी

यह ड्यूटी प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक, सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक एवं रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक 3 शिफ्टों में लगाई गयी है।

### इन कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगाई गयी ड्यूटी

अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना परस्ते द्वारा जारी आदेश में 21 फरवरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नेहा जैन नजूल कटनी, शिवभूषण सिंह मुड़वारा-2, नरेन्द्र कुमार खरे देवराकलां की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 22 फरवरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अनुराधा सिंह विलायतकला, अतुलेश सिंह पहाड़ी, खगेश भलावी बड़गांव की ड्यूटी लगाई गई है।

23 फरवरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आकाशदीप नामदेव कटनी, संदीप सिंह बड़वारा, मनीष शुक्ला विजयराघवगढ़ की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि 24 फरवरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट प्रसन्न कुमार वर्मा सिंगौड़ी, रामटेके हर्षवर्धन कटनी, अजय कुमार मिश्रा उमरियापान की ड्यूटी लगाई गई है।

इसी प्रकार 25 फरवरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा चौरसिया रीठी, नितिन कुमार पटेल बरही, मनोज नामदेव खितौली की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि 26 फरवरी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अजीत तिवारी ग्रामीण, आशीष अग्रवाल ढीमरखेड़ा, आदित्य प्रकाश द्विवेदी बहोरीबंद की ड्यूटी लगाई गई है एवं 27 फरवरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सारिका रावत स्लीमनाबाद, गौरव पाण्डेय कटनी, रामटेके हर्षवर्धन कटनी की ड्यूटी लगाई गई है।

इसी प्रकार से 28 फरवरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मौसमी केवट कौडिया, प्रसन्न कुमार वर्मा सिंगौड़ी, खगेश भलावी बड़गांव की ड्यूटी लगाई गई है।

*महाविद्यालय बड़वारा में योग कार्यशाला का हुआ आयोजन*

## रसना एवं वासना से बचकर रहें ये दोनो मनुष्य के दुश्मन : योगाचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



गुरूवार को पूज्य नरेंद्र देव महाराज के सानिध्य में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के सभागार में पतंजलि की योग कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यशाला में हरिद्वार से पधारे संत नरेंद्र देव महराज ने छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य और शरीर का महत्व समझाते हुए शरीर को सबसे सार्थक और बड़ी पूंजी बताया ।

योगाचार्य संत श्री ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को रसना और वासना से बचने की सलाह देते हुए दोनों को मनुष्य मात्र का दुश्मन बताया । स्वस्थ्य और श्रेष्ठ भारत निर्माण में योग की महत्वता को मजबूत स्तंभ बताते हुए स्वामी श्री योग को जीवन में उतारने का संकल्प दिलाते हुए जीवन में सद्गुण लाने की बात कही. शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्रभारी प्राचार्य लवकुश सिंह ने सम्बोधित करते हुए योग के महत्व पर वक्तव्य दिए।

उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में हमारी काया का स्वस्थ और निरोगी होना बेहद आवश्यक है। हम अपने शरीर को स्वस्थ योग क्रिया करके ही रख सकते हैं। रोजाना प्रातः काल मे कपाल भाति,अनुलोम विलोम,प्राणायाम क्रिया करके हम अपने शरीर को रोग मुक्त बना सकते हैं। महाविद्यालय बड़वारा के छात्र छात्राओं ने योग करने से होने वाले लाभ के विषय मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान स्वामी नरेंद्र देव हरिद्वार से, लखन साहू राज्य सह प्रभारी म.प्र, अश्विन सहगल , अभिलाष सिंह गौतम अध्यक्ष, योगेश मिश्रा संयोजक, गायत्री जैन महिला प्रभारी, राजू साहू युवा प्रभारी, पंकज शर्मा सह प्रभारी, दिनेश जैन, दीपक सिह परिहार, विनोद परौहा तहसील प्रभारी बड़वारा एवम शासकीय महाविद्यालय बड़वारा से क्रीड़ा प्रभारी डॉ आदित्य सर की उपस्थिति रही।

### नेयुके के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

## विभिन्न खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





नेहरू युवा केंद्र कटनी (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के खेल मैदान में किया गया द्य इसमें 200 मीटर दौड़ (पुरुष) ,100 मीटर दौड़ (महिला), गोला फेंक (पुरुष), गोला फेंक (महिला), रस्सा कसी (पुरुष), खो-खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा खिलाड़ीयों के परिचय के पश्चात किया गया। नेहरू युवा केंद्र कटनी की जिला युवा अधिकारी श्रीमती कीर्तिका कुहर ने विकासखंड एवं जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाए दीं। जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम में कटनी जिले के रीठी, विजयराघवगढ़ एवं बहोरिबंद विकासखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम के विजेता उपविजेता टीमे तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने भाग लिया। खो-खो प्रतियोगिता में बरही टीम विजेता एवं रीठी टीम उपविजेता रहीं। रस्सा कसी में स्लीमनाबाद टीम विजेता एवं बरही टीम उपविजेता रही। एथलेटिक्स खेलों में 100 मीटर दौड़ (महिला) में अंकित बड़्गैया प्रथम, योगिता केवट द्वितीय, अंशिका कोल तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ (पुरुष) में दिव्य पटेल प्रथम, आशीष हल्दकार द्वितीय, मयूर तृतीय रहे।

जबकि गोला फेंक (महिला) में आयुषी प्रथम, दीपाली द्वितीय, पूनम साहू तृतीय रही। गोला फेंक (पुरुष) में सार्थक यादव प्रथम, तरुण अग्रहरि द्वितीय, प्रियांशु कोरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि दीपक सोनी टंडन, मृदुल मिश्रा, डॉ व्ही.के. द्वितीय, सहायक प्राध्यपक, शांतनु दत्ता मंडल उपाध्यक्ष भाजपा के स्वागत उपरांत मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा की नेहरू युवा केंद्र युवाओ में रचनात्मक प्रवृत्ति पैदा करके राष्ट्र निर्माण में युवाओ की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये निरंतर प्रयास करता है और युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों में जोड़े रखने का काम करता है। खेल- कूंद कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओ के लिए अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर है और उन्हे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल का अवसर मिलेगा। सभी विजयी खिलाड़ियों को उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाए दीं। अतिथियों ने विजयी खिलाड़ियों एवं टीमो को खेल किट, ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

खेल प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. राजकुमार, डॉ. आदित्य गढेवाल, सलमान अहमद , वंदना डेबिड, मधु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं को भोजन दिलवाने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ड्यूटी लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में स्थित समस्त रेल्वे स्टेशन एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में प्रयागराज आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को निर्धारित दरों में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था सुनिश्चित कराने का दायित्व जिला प्रशासन द्वारा तीन अधिकारियों को सौंपा गया है।इन अधिकारियों की ड्यूटी महाकुंभ मेला कार्यक्रम समाप्ति तक रेल्वे स्टेशनों के समीप स्थित दुकानों की निगरानी के लिए लगाई गई है।

प्रयागराज उत्तर प्रदेश में महाकुंभ मेला कार्यक्रम में शामिल होने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर तीन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की रेल्वे स्टेशन और आस -पास की दुकानों में गुणवत्तापूर्ण और उचित दर पर खाद्य सामग्री, नाश्ता, भोजन आदि दिलवाने और निगरानी की जवाबदारी सौंपी गई है।

### ये निभायेंगे दायित्व

प्रयागराज उत्तर प्रदेश में महाकुंभ मेला कार्यक्रम संपन्न हो रहा है जिसमें अत्याधिक संख्या में श्रद्धालुओं यात्रियों का आवागमन कटनी जिला से रेल मार्ग के माध्यम से हो रहा है उक्त को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। श्रीमती देवकी सोनवानी खाद्य सुरक्षा अधिकारी की ड्यूटी प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक और ब्रजेश विश्वकर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी की ड्यूटी शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश साहू की ड्यूटी रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक लगाई गई है। अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने इन तीनों अधिकारियों का ड्यूटी आदेश जारी कर दिया है।

# 24 फरवरी से प्रारंभ होंगी पांचवीं, आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं, 29 केन्द्रों पर 6505 विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा केंद्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने की तैयारियों के संबंध में विगत दिवस डाइट में बीआरसी एमएल अहिरवार द्वारा बैठक आयोजित कर परीक्षा केंद्र प्रभारियों उप प्रभारियों को निर्देश देते हुए बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जारी समय सारणी के अनुसार परीक्षाएं संचालित कराई जाएं तथा परीक्षा के लिए जारी दिशा निर्देशों पालन किया जाए।

उन्होंने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि समस्त शासकीय एवं मान्यता प्राप्त अशासकीय व अनुदान प्राप्त शालाओं एवं डाइस कोड प्राप्त मदरसों के कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं में अध्ययनरत नियमित छात्रों के लिए वार्षिक परीक्षा का संचालन बेहतर तरीके से कराया जाए। हटा विकासखण्ड में शासकीय, अशासकीय/अनुदान प्राप्त शालाएं एवं डाइस कोड प्राप्त मदरसों में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्रों की वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी 2025 से 5 मार्च तक आयोजित की जाएगी है। राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा पांचवी आठवीं की मुख्य परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार 24 फरवरी से यह परीक्षाएं आरएसके द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होंगी। खास बात यह है कि विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र स्कूल के 5 किमी के दायरे में ही रहेंगे। ताकि विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने में सहूलियत हो। हटा विकासखंड में 29 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें कक्षा पांचवीं तथा आठवीं के कुल 6505 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।

### टाइम टेबल कक्षा आठवीं

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी कक्षा आठवीं के टाइम टेबल के अनुसार परीक्षा 24 फरवरी 2025 से 05 मार्च तक दोपहर 12 बजे शाम 04:30 बजे तक संपन्न होगी। जारी टाइम टेबल अनुसार 24 फरवरी 2025 को प्रथम भाषा (सहायक वचन सहित) हिंदी अंग्रजी, उर्दू, मराठी का पेपर होगा। इसी प्रकार 25 फरवरी 2025 को गणित अथवा संगीत (दृष्टिबाधितों के लिए), 28 फरवरी को विज्ञान, 01 मार्च 2025 को सामाजिक विज्ञान 04 मार्च को द्वितीय भाषा अंग्रेजी (जिनकी प्रथम आधा हिंदी, उर्दू, मराठी है) अथवा हिंदी (जिनकी प्रथम भाषा अंग्रेजी है), इसी प्रकार 05 मार्च को तृतीय भाषा संस्कृत, हिंदी, उर्दू का पेपर होगा।

### टाइम टेबल कक्षा पांचवीं-

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी कक्षा पांचवी की वार्षिक परीक्षा समय सारणी के अनुसार परीक्षा 24 फरवरी 2025 से 01 मार्च 2025 तक दोपहर 02 बजे से शाम 4:30 बजे तक संपन्न होगी। जारी टाइम टेबल के अनुसार 24 फरवरी 2029 को प्रथम भाषा हिंदी अंग्रेजी, उर्दू मराठी 25 फरवरी 2025 को गणित अथवा संगीत (दृष्टिबाधितों के लिए), 27 फरवरी 2025 को अतिरिक्त भाषा हिंदी, संस्कृत, उर्दू पंजाबी, 28 फरवरी 2025 को पर्यावरण अध्ययन तथा 01 मार्च 2025 को द्वितीय भाषा अंग्रेजी, (जिनकी प्रथम भाषा हिंदी, उर्दू मराठी है) अथवा हिंदी (जिनको प्रथम भाषा अंग्रेजी है) की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## कौरता में स्टॉप डेम की जलभराव की समस्या



**बनवार।** कौरता गांव में स्टॉप डेम की जलभराव की समस्या के समाधान के लिए अधिकारी पहुंचे हैं। नदी में जलभराव की स्थिति में किसान अपने खेतों तक नहीं जा पाते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए किसानों ने संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत को ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्टॉप डेम पर रपटा बनाने की मांग की गई है। उपयंत्री आरके वर्मा ने पुलिया कम रपटा निर्माण के लिए सर्वे किया है और नदी मार्ग रपटा पुलिया निर्माण के लिए आवश्यक बजट का आकलन किया है। आम आदमी पार्टी के मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष बसंत राय ने बताया कि जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल द्वारा उपयंत्री आर के वर्मा को भेज कर सर्वे करवाया गया है और गर्मियों तक पुलिया कम रपटा निर्माण का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम मंदिर देवेंद्र नगर में संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन

**देवेन्द्रनगर।** श्रीराम मंदिर देवेंद्रनगर में हर गुरुवार को संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है, जिससे भक्तों को श्रीराम के उपदेशों से जीवन को शुद्ध और सत्यवान बनाने का अद्भुत अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम में धर्म लाभ प्राप्त करने के इच्छुक भक्तों को केवल 300 रुपये में जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस विशेष आयोजन में आज 20 फरवरी का प्रसाद श्री मनोज पांडे ष्कल्लूष जी द्वारा वितरित किया जाएगा। श्री पांडे जी का यह कार्य सनातन धर्म के प्रति उनकी सच्ची श्रद्धा और समर्पण को दर्शाता है। विजय व्यास जी, जो एक प्रमुख पत्रकार हैं, ने सभी धर्मप्रेमी भाइयों और बहनों से अनुरोध किया है कि वे इस धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा बनें और अपने परिवार तथा आने वाली पीढ़ी को भी इसके साथ जोड़ें। विजय व्यास जी ने कहा कि रामायण के उपदेश जीवन में शुद्धता, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि लोग घर में भी रामायण पाठ करवाएं और बच्चों को भी प्रेरित करे ताकि उनके जीवन में संतुलन और शांति बनी रहे। ओर आने वाली पीढ़ी सत्य और सनातन के मार्ग में चलती रहे। रामायण पाठ का आयोजन हर गुरुवार को होता है, और भक्तों से निवेदन किया गया है कि वे पहले से सूचित करें ताकि वे इस धर्म लाभ का सही समय पर लाभ उठा सकें।

### गरीब पंचायत चपरासी का कई वर्षों से नहीं मिला वेतन, जिला कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**अमानगंज।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम द्वारी निवासी रामलाल पिता गोरेलाल ढीमर ने जिला कलेक्टर सहित तमाम आला अधिकारियों को आवेदन पत्र देकर न्याय की मांग की। आवेदन पत्र में उसने बताया कि मैं ग्राम पंचायत द्वारी में चपरासी के पद पर वर्ष 2000 से कार्यरत रहा हूं लेकिन वर्ष 2015 से मेरा नियमित एवं पूरा वेतन नहीं मिल रहा है जिसकी शिकायत भी मैंने कई बार की है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है और पारिश्रमिक मांगने पर सचिव द्वारा मुझे पद से निकालने की धमकी दी जाती है।

## एकलव्य विश्वविद्यालय के बीपीएड विद्यार्थियों की टीम क्रॉफ़बॉल खेलने जयपुर पहुँची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के शारीरिक शिक्षा विभाग के बीपीएड विद्यार्थियों की टीम अपेक्स विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान में 20 से 23 फरवरी 2025 तक से होने वाले क्राफबॉल मिक्स ऑल इंडिया प्रतियोगिता में खेलने हेतु विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमाकांत त्रिपाठी के निर्देशन में टीम को भेजा गया। एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व एवम कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में इस टीम को जयपुर, राजस्थान भेजा गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ. पवन कुमार जैन ने क्राफबॉल (मिक्स ) टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को इस ऑल इंडिया प्रतियोगिता को खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए विजय हेतु शुभकामनाएं दिए। टीम के कोच डॉ. रमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि इस टीम में मोहम्मद असलम, नाथूलाल, उमेडराज, ऋतुराज, दीपक कुमार, मोहित पुरी, सुनील, अजय, तारा, फोरान्टा, पायल एवं नीलम शामिल हैं।

## डीप फ्रीजर, वॉटर कूलर व प्यूरीफायर कराया उपलब्ध



**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने जनकल्याण की दृष्टि से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में अपनी विधायक निधि से मानव शव रखने हेतु डीप फ्रीजर एवं मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए वॉटर कूलर यू.वी. प्यूरीफायर के साथ उपलब्ध कराया है। डीप फ्रीजर के अस्पताल में उपलब्ध होने से मानव शव को अधिक समय तक रखा जा सकता है। उसके साथ ही वॉटर कूलर यू.वी.प्यूरीफायर अस्पताल में उपलब्ध होने से गर्मी के दिनों में मरीज एवं उनके परिजनों को साफ एवं ठण्डा पानी उपलब्ध रहेगा।

### अजयगढ़ के प्रसिद्ध एवं प्राचीन किले में भूतेश्वर महादेव जी मंदिर की सीढियों की उठी मांग

**पन्ना।** अजयगढ़ के प्रसिद्ध एवं प्राचीन किले में भूतेश्वर महादेव जी के नाम से प्रसिद्ध एक गुफा है यहां पर भगवान महादेव जी का प्राचीन शिवलिंग विराजमान है यहां पर चट्टानों में दो शिवलिंग और भी हैं और गंगा जमुना नाम से दो कुंड भी हैं जिनका पानी रोग नाशक है भूतेश्वर गुफा के बारे में बताया जाता है कि यहां पर भगवान राम के पितामह भी आते थे पूजा अर्चना करने तथा चातुर्मास व्यतीत करते थे इस बात का उल्लेख प्रसिद्ध धार्मिक पत्रिका कल्याण के तीर्थांक में भी है यह स्थान अति प्राचीन है वर्तमान में हजारों सालों से पहाड़ों के निरंतर कटाव होने सेगुफा में आने-जाने के लिए रास्ता अत्यंत कठिन हो गया है किले से सैकड़ो फीट नीचे चट्टानों को पकड़ कर के भक्तगण भूतेश्वर महादेव जी के दर्शन के लिए जाते हैं भक्तों की इसी परेशानी को देखते हुए अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक गति दोनों भूतेश्वर गुफा पहुंचे!

### एसडीएम हटा ने ली सर्वेयर की बैठक

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गये निर्देशों के तहत आज अनुभाग हटा अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश सिंह मरकाम द्वारा सभी सर्वेयर की बैठक ली गई। बैठक में गिरदावरी, ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्य की समीक्षा की गई।

### निरोगी काया अभियान के तहत उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा फैटी लीवर जांच

## आयुष्मान आरोग्यम मंदिर एवं संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

व्यक्ति के जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों उच्च रक्तचाप, मधुमेह, फैटी लीवर के मरीजों की संख्या में तेजी से बढोत्तरी देखी जा रही है। शुरूआती स्थिति में ही इन्हें पहचान कर यथोचित उपचार हेतु प्रदेशव्यापी निरोगी काया अभियान की शुरूआत दमोह जिले में 20 फरवरी से 21 मार्च के दौरान की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरूष-महिलाओं की उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा नॉन एल्कोहलिक फैटी लीवर की पहचान एवं निःशुल्क उपचार सेवा हेतु आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर सप्ताह में 5 दिन विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे। सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया कि आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत ग्रामवार डेटा प्रदाय किया गया है। सी.एच.ओ. द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत ऐसे व्यक्ति जिनका पंजीयन एनसीडी पोर्टल पर नहीं है उन सभी का सी-बैक फार्म आशा द्वारा भरवाया जाकर स्क्रीनिंग की जायेगी। नवीन पंजीकृत मधुमेह, उच्च रक्तचाप, लीवर में फैट की स्थिति देखी जायेगी एवं इसके अतिरिक्त पूर्व में पंजीकृत 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोग जिनकी द्वारा जांच नहीं हुई है ऐसे सभी लोगों की जांच सुनिश्चित की जायेगी। आशा, ए.एन.एम. द्वारा घर-घर जाकर 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के कमर की नाप ली जायेगी। महिलाओं में 80 से.मी. एवं पुरूष में 90 से.मी. से अधिक पाये जाने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सी.एच.ओ. द्वारा स्क्रीनिंग के लिए बुलाया जायेगा। डाटा की पुष्टि होने पर नजदीकी पी.एच.सी. में चिकित्सक के पास जांच हेतु रेफर किया जायेगा। चिकित्सक द्वारा लाईन लिस्ट तैयार की जाकर फैटी लीवर की पहचान हेतु ब्लॅड इन्वेस्टीगेशन, सोनोग्राफी के माध्यम से केस की पुष्टि होने पर यथोचित उपचार निःशुल्क दिया जायेगा। सी.एच.ओ. की मांग अनुसार स्क्रीनिंग हेतु डिजीटल बी.पी. मशीन, ब्लॅड शुगर जांच हेतु ग्लूकोमीटर, वजन करने की मशीन, टॉर्च तथा इंची टेप दिये जा रहे है।

## सिंग्रामपुर में घर-घर जाकर किया जा रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सिंग्रामपुर में घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वे उन हितग्राहियों की पहचान करने के लिए किया जा रहा है जो पहले इस योजना का लाभ नहीं उठा पाए थे। ग्राम पंचायत सचिव लालचंद राय ने बताया कि लगभग 400 आवासों के लिए सर्वे किया जा रहा है, जिसमें से 173 हितग्राहियों का सर्वे पूरा हो चुका है। इस योजना के तहत, सरकार गरीब परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यह सहायता 1 लाख 20 हजार तक हो सकती है, और नरेगा जॉब कार्ड धारकों को अतिरिक्त 30 हजार रूपये की सहायता भी मिलती है। सर्वे के दौरान, ग्राम पंचायत के सदस्य और सचिव घर-घर जाकर लोगों की जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। यह सर्वे सभी वार्डों में किया जा रहा है, और कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

### सभी डेवलपमेंट पार्टनर्स कम्युनिटी मोबिलाइजेशन एवं बिहेवियर चेंज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं-कलेक्टर

**दमोह ।** शासन के साथ मिलकर के काम कर रहे डेवलपमेंट पार्टनर्स द्वारा दमोह जिले में किया जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने की । इस मौके पर सभी संस्थाओं द्वारा अपने-अपने कार्यों का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। इन डेवलपमेंट पार्टनर्स द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि, आजीविका, वाटर कंजर्वेशन, स्वच्छता आदि विषयों पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी संस्थाओं क्रो निर्देशित किया कि किए जा रहे कार्यों की प्रगति और समीक्षा प्रति माह मीटिंग आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा सभी डेवलपमेंट पार्टनर्स कम्युनिटी मोबिलाइजेशन एवं बिहेवियर चेंज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भगवान जब मंदिर में प्रतिष्ठित होते हैं तो वहां की भूमि देवभूमि बन जाती है: पं राम मिलन मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम धंसरा मैं अति प्राचीन श्री गणेश भगवान मढ़ा मन्दिर भगवान श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मैं प्रथम दिवस भगवान श्री राधा कृष्ण का जलाधिवास और पुष्पाधीवास कराया गया। इसके बाद अन्नाधिबास शाम को फलाधिवास का अनुष्ठान संपन्न होने के बाद मंडप पूजन पंडित श्री राम मिलन मिश्रा शास्त्री जी गिरमा वालों के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। पंडित श्री राम मिलन मिश्रा ने कहा जब हम कोई मंदिर का निर्माण करते हैं तो वह कोई एक व्यक्ति का नहीं होता वह पूरे समाज के लिए होता है। और देश के लिए होता है मंदिर में होकर भगवान सभी का कल्याण करते हैं संसार में सब आते जाते रहते है। लेकिन परमात्मा नश्वर है और वह भक्तों की प्रेम के अभिलाषी होते हैं वह अनंत काल से धरती पर विराजमान है जब भगवान मंदिर में प्रतिष्ठित होते हैं तो वहां की जो भूमि होती है। वह देवभूमि बन जाती है तथा वहां की हवा भी सकारात्मक हो जाती है मंदिर की भगवान बहुत जल्द ही सिद्ध हो जाते हैं और सभी भक्तों का कल्याण करते हैं। उक्त विचार धंसरा ग्राम में जारी भगवान राधा कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान उपस्थित गणमन नागरिकों की मौजूदगी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मैं शाम को भजन संकीर्तन महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गई। बता दे धंसरा गांव में स्थित अति प्राचीन मढ़ा मन्दिर है जिसमें भगवान श्री गणेश की दिव्या और भव्य प्रतिमा विराजमान है। यह स्थान भगवान श्री गणेश के जागृत स्थान के रूप में ख्याति प्राप्त है जहां पर ग्राम वासियों क्षेत्र वासियों के सहयोग से श्री राधा कृष्ण मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन चल रहा है।

## किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



ग्राम खकरिया खुर्द में ग्रामीण विकास समिति (GVS) द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 43 महिला और 11 पुरुष किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जल, जंगल और परंपरागत खेती के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कृषि विस्तार अधिकारी प्रियंवदा द्विवेदी ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के स्मॉल ग्रांट प्रोग्राम के तहत किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने जल संरक्षण, वन संरक्षण और पारंपरिक खेती की तकनीकों के लाभों पर प्रकाश डाला। द्विवेदी ने बताया कि पारंपरिक खेती न केवल पर्यावरण के लिए लाभदायक है, बल्कि यह किसानों की आय में भी वृद्धि करती है। कार्यक्रम के दौरान, किसानों को जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों, जैसे कि वर्षा जल संचयन और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, जंगलों के संरक्षण और उनके सतत उपयोग के महत्व पर भी चर्चा की गई। द्विवेदी ने पारंपरिक फसल चक्र और जैविक खेती की विधियों और कीट नियंत्रण के बारे में भी विस्तार से बताया, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने महिला किसानों को सशक्त बनाने और उन्हें कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों और पारंपरिक ज्ञान के समन्वय के माध्यम से अपनी आजीविका सुधारने के लिए प्रेरित किया। किसानों ने इस पहल की सराहना की और अपने खेतों में सीखे गए तकनीकों को लागू करने की इच्छा व्यक्त की। यूएनडीपी का स्मॉल ग्रांट प्रोग्राम स्थानीय समुदायों को सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के में जीवीएस से ज्योति राव, शिखा धुर्वे, सुषमा यादव, राजेश सिंह, धरमदास पाल सम्मिलित रहे ।

### स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मनसा पूर्ण महादेव मंदिर व गणेशजी की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**पथरिया**-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शिव मंदिर चबूतरे पर था, विगत 6 महीने पहले जैसे ही सीबीएमओं डां शशिकांत पटेल बनें उनके मन में चबूतरे पर बैठे शिव मंदिर का निर्माण करने का विचार आया और स्टाप व जनसहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कराया जो 6 महीने में बनकर भव्य रूप में तैयार हो गया, रात्रि में मनमोहक दृश्य लगता हैं विगत दिनों मनसा पूर्ण महादेव मंदिर व श्री गणेशजी जी प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ कराई साथ ही प्रसाद वितरित भंडारा आयोजित किया गया।



## खबर संक्षेप

### परीक्षायें चार परीक्षा केन्द्र पर होंगीं

**दमोह।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीनियर स्कूल/सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षायें दमोह जिले के चार परीक्षा केन्द्र यथा सेंट जॉन्स हायर सेकेण्डरी स्कूल जबलपुर नाका दमोह, श्री गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, जवाहर नवोदय विद्यालय हटा एवं केन्द्रीय विद्यालय दमोह में आयोजित की जायेंगी। संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत ने पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह एवं हटा से कहा है कि परीक्षा केन्द्र तथा उनके आस पास के क्षेत्रों में कानून एवं व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था बनाये रखने संबंधितों को निर्देशित किया जाये।

### बलेह, गर्रेह एवं गैसाबाद में पंचायत स्तर पर प्राधिकृत कर्मचारी

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा पंचायतों के रिक्त पदों हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संदर्भ में जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने बताया जनपद हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 के अंतर्गत आने वाली तीनों ग्राम पंचायत बलेह, गर्रेह एवं गैसाबाद में पंचायत स्तर पर प्राधिकृत कर्मचारी और अन्य अमला लगातार बैठ रहा हैं। साथ ही एक प्रचार रथ भी बनाया गया हैं जो तीनों ग्राम पंचायतों में जाकर आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगा। एसडीएम श्री मरकाम ने आमजनों से आग्रह करते हुए कहा 25 फरवरी तक प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक पंचायत कार्यालय में मतदाताओं से आवेदन फार्म प्राप्त किए जा रहे हैं।

### जूड़ी नदी में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत

**मामला बटियागढ़ थाना क्षेत्र का**

**बटियागढ़।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बटियागढ़ से निकली जूड़ी नदी में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। परिजनों की जानकारी के अनुसार मे मृतक भूपेंद्र रैकवार पिता शैट्टी रैकवार उम्र 18 निवासी बटियागढ़ सोरयाना मोहल्ला का बताया गया है। जो सुबह के वक्त युवक जुड़ी नदी की ओर घूमने गया था। युवक शौच क्रिया करते वक्त अचानक उसको फिट आ जाने के कारण युवक का पैर फिसला और युवक नदी में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का पिता नदी तरफ युवक को ढूंढ़ने गया तो देखा की युवक का शव नदी में तैर रहा है पिता ने तुरंत बटियागढ़ थाना पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी बटियागढ़ भैजा गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। बटियागढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

## कक्षा 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं 25 से, व्यवस्थाओं की दी जानकारी

# अवांछनीय सामग्री रोकने के लिये पुलिस और प्रशासन मिलकर काम कर रहे हैं-कलेक्टर

- 13 परीक्षा केन्द्र पर विशेष पुलिस व्यवस्था लगाई जायेगी-पुलिस अधीक्षक
- परीक्षायें शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जायेंगी

**दमोह।** कक्षा 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 मार्च तक चलेंगी, इसके लिए प्रशासनिक व्यवस्थाएं मंडल के अनुरूप की गई है। सभी 84 परीक्षा केन्द्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है और यहां पर एक कंट्रोल रूम नं.07812-299295 बनाया गया है, ताकि वहां की चल रहीं गतिविधियों की पल-पल की जानकारी हमें मिल सके और किसी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को रोका जा सके। परीक्षा में लगे हुए सभी स्तर के अधिकारियों का दो-दो बार परीक्षण कराया है। सभी को परिचय पत्र दिये गये है उसी परिचय पत्र के माध्यम से ही प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा 21 और 22 फरवरी को जो सामग्री वितरण होनी है उसकी तैयारी चुनाव के पैटर्न पर की गई है, ताकि बहुत व्यवस्थित रूप से केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष को सामग्री वितरण की जा सके। इस आशय की जानकारी



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मीडियाजनों से चर्चा करते हुये दी।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा नकल और अवांछनीय सामग्री रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन मिलकर काम कर रहे हैं, इस तरह की सोशल मीडिया साईड पर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रतिबंध लागू रहेगा, यहां पर एक विशेष पुलिस अधिकारी तैनात किए जाएंगे, 100 मीटर के अंदर केवल परीक्षा देने वाले, परीक्षा लेने वाले और परीक्षा का पर्यवेक्षण करने वाले ही जा सकते हैं। सभी परीक्षा केंन्द्रो का उच्च अधिकारियों से निरीक्षण करवाया गया है, वहां जो कमियां पाई गई थी उनको दूर करवाया गया है, ताकि परीक्षाएं बहुत व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा परीक्षा केन्द्रों के हर कमरे में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिस कमरे में परीक्षा होना है, इसके अलावा प्राचार्य कक्ष में और बाहर भी लगवाए गए है, इससे पूरे केंद्र की निगरानी सेंट्रलाइज तरीके से हो सकेगी। उन्होंने कहा नकल रोकने के लिए विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर में, जो परीक्षा से संबंधित नहीं है उनका आना पूरी तरह से वर्जित है, विद्यार्थी कॉपी, किताब फोन या कोई भी सामग्री लेकर के आते हैं, वह सभी 100 मीटर के दायरे से बाहर रहेगी। जो अधिकारी-कर्मचारी परीक्षा में लगे हैं वह भी मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं कर सकते हैं, केंद्र में जो अधिकारी-कर्मचारी मोबाइल फोन उपयोग करते हैं उन सभी को केंद्र अध्यक्ष द्वारा लेकर के एक अलमारी में सील बंद रखा जाएगा। परीक्षा पूर्ण होने के बाद ही वह मोबाइल फोन वितरित किए जाएंगे। इस प्रकार से व्यवस्थाएं पूरी की है, ताकि कोई भी बाहर का व्यक्ति अंदर ना आ सके, किसी भी प्रकार से नकल ना हो सके और जिन लोगों को ड्यूटी पर लगाया गया है, यह देखा गया है कि जो केंद्र अध्यक्ष और सहायक केंद्र अध्यक्ष हैं, पिछली बार उन्होंने उस केंद्र में ड्यूटी नहीं की हो, उन्हीं को लगाया गया है, ताकि ऐसा नहीं हो कि एक ही व्यक्ति की हर साल एक ही केंद्र में ड्यूटी लगाई गई हो यह सुनिश्चित किया गया है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से प्रारंभ होगी इसमें सूचना अनुसार 08 परीक्षा केंद्र संवेदनशील और 05 परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील है, 13 परीक्षा केंद्र पर विशेष पुलिस व्यवस्था लगाई जाएगी, इन परीक्षा केन्द्रों में संभावना व्यक्त की जा रही है की कोई मिस लीड हो सकता है या किसी प्रकार की गंभीर स्थिति बन सकती है, इस हेतु विशेष पुलिस की व्यवस्था की जाएगी। सामान्य केन्द्रों पर दो गार्ड और एक टीम का गार्ड संवेदनशीन और अति संवेदनशील केन्द्रों पर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा एक हिदायत दी गई है कि अपने क्षेत्रों में पूर्व में इस प्रकार की यदि कोई प्रकरण बने हैं जो परीक्षा में व्यवधान डालते हैं, जो परीक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं उनके ऊपर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पहले से कर ली जाए। इसमें विशेष रूप से बटियागढ़, जबेरा, इमलिया घाट, बनवार, पटेरा, मढ़ियादो थाने के क्षेत्र हैं, अतिसंवेदनशील शहर में दमोह, बटियागढ़ और बनवार चौकी के विद्यालय अति संवेदनशील विद्यालय में आते हैं, इन सभी थानों को विशेष रूप से पत्र लिखकर थाना प्रभारी की उपस्थिति में परीक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पेपर ले जाने से लेकर परीक्षा संपन्न होने तक पुलिस वहां पर मुस्तैद रहेगी, जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के आवागमन पर विद्यालय में प्रवेश और विद्यालय से निकासी व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाने के लिए विद्यालय में बात की गई है, केंद्र पर जो भीड़ लगती है वहां पर भी पुलिस बल उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जायेंगी।

## भव्य घट यात्रा से शुभारंभ, आज होगा जिनवाणी अस्थाप

# तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ आज से





**पटेरा।** धर्म नगरी पटेरा में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य एवं मंगलमय शुभारंभ आज गुरुवार 20 फरवरी को भव्य घटयात्रा के साथ हुआ। घटयात्रा मुख्य पंडाल से शुरू होकर हटा तिराहा बस स्टैंड बड़ा जैन मंदिर होती हुई चैत्यालय जी पहुंची। जहां वेदी शुद्धि के साथ घटयात्रा का समापन हुआ। महोत्सव की पूर्व बेला पर शुक्रवार के शुभ दिन सकल समाज द्वारा श्री तारण तरण दिगंबर जैन बड़ा चैत्यालय में मंदिर विधि कर मां जिनवाणी की पूजा आराधना की गई। त्यागी व्रती ब्रह्मचारी भाई - बहन एवं विद्वतगण सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु सम्मिलित हुए पश्चात दोपहर के समय मुख्य पंडाल में विविध अनुष्ठानों के माध्यम से सभी मांगलिक क्रियाएं सम्पन्न करा कर घटयात्रा निकाली जिसमें बड़ी संख्या में श्राविकाओं ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार सहित नगर के समस्त चैत्यालयों में मंगल का प्रतीक घट स्थापित कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार 21 फरवरी को ध्वजारोहण एवं जिनवाणी अस्थाप से शुरू होगा।

## आज होगी सामान्य सभा की बैठक

**दमोह।** जिला अधिवक्ता संघ दमोह द्वारा आज 21 फरवरी को समय 3 बजे केन्द्रीय कक्ष में सामान्य सभा की बैठक आहूत की गयी है उक्त बैठक के संबंध संघ के सचिव सुधीर पाण्डे अधिवक्ता द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया है कि एडवोकेट एक्ट 1961 में संषोधन कर नया कानून लाने की तैयारी की जा रही है जिसके तहत नये कानून के लिए एडवोकेट संषोधन बिल 2025 का ड्राप्ट तैयार किया गया है। उक्त बिल पास होने पर प्रस्ताव संषोधित धारा 4 के तहत बार कौंसिल में सरकार का सीधे सीधे दखल हो जावेगा साथ ही प्रस्तावित धारा 35 ए के तहत अब कोई अधिवक्ता हड़ताल नही कर सकेगा न ही कार्य से विरत रह सकेगा न ही किसी न्यायालय का बहिष्कार कर सकेगा एवं प्रस्तावित संषोधन धारा 26 ए के तहत यदि वह ऐसा करता है तो उसे राज्य की एडवोकेट पंजीयन लिस्ट से अलग कर दिया जावेगा साथ ही अन्य प्रस्तावित धारा 9, 24 ए,49 ए (1) 49 ए में भी अधिवक्ताओ के व्यक्तिगत अधिकारो का हनन किया गया है और उनके अधिकारो पर कुठाराघात करने की मंषा से यह काला कानून लाया जा रहा है। उक्त एडवोकेट एक्ट 1961 में संषोधन कर नया कानून संषोधन बिल 2025 में किये जा रहे संषोधन के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ दमोह के समस्त अधिवक्ताओ से अपने सुझाव प्रदान करने हेतु सेन्ट्रल हाल में आयोजित सामान्य सभा आहूत की गई है।

# काले कंबल वाले बाबा के कमाल से मरीजों की उमड़ पड़ी भीड़

### आरोग्य शिविर में दुआ के साथ दी जा रही दवा

**हटा।** नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में काले कंबल वाले बाबा का पांच दिवसीय शिविर के चौथे दिन समूचे जिले के अलावा अन्य क्षेत्रों से हजारों की संख्या में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों का हुजूम देखने को मिला जहां सुबह से लेकर देर रात तक बाबा द्वारा कंबल उढ़ाकर उनका निशुल्क उपचार कर बीमारी ठीक होने की दुआं मां काली से की जा रही है। कंबल वाले बाबा शिविर में लकवा जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के बीच पहुंचकर अपना काला कंबल मरीज के ऊपर डालकर अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए जमीन पर पड़े हुए आशक्त लोगों को उस स्थान से चलाकर प्रांगण से बाहर तक पैदल चलाते हैं इसी के साथ जो लोग जोड़ों के दर्द, गठिया, सर्वाइकल, बीपी, शुगर, लकवा पोलियो जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं उन मरीजों को भी कंबल उढ़ाकर ठीक करने का दावा किया जा रहा है।



#### दुआ के साथ दे रहे दवा

काले कंबल वाले बाबा द्वारा हटा में लगाये गए आरोग्य शिविर में काला कंबल उढ़ाकर मां महाकाली की दुआ से मरीजों को ठीक करने का दावा किया जा रहा है वही काला कंबल उढ़ाने के बाद उन्ही मरीजों को अर्थो वली तेल खरीदने के लिए कहां जा रहा है जिसमें बाबा की फोटो प्रिंट है जिसकी कीमत 650 रुपए है इसके अलावा एक अश्वगंधा चूर्ण पाउडर 600 रुपए का दिया जा रहा है वहीं शुगर एवं अन्य बीमारियों से संबंधित मरीजों को एक प्रोटीन पाउडर 1500 रुपए की कीमत का दिया जा रहा है जिसमें बताया जा रहा है कि इसके सेवन करने से बीमारी शीघ्र ठीक हो जावेगी।

कंबल बाबा के नाम से मशहूर गुजरात निवासी बाबा गणेश यादव द्वारा लोगों को बताया कि हमारे पास इसके अलावा माता के आशीर्वाद से लोगों की अन्य बाधाएं भी दूर की जाती है जिसके लिए वह मां से दुआं कर आशीर्वाद देते हैं और उसके लिए 500 का श्रीयंत्र एवं 100 रुपए का रुद्राक्ष लेकर पीड़ित लोगों से धारण करने कहां जाता है इस प्रकार काले कंबल वाले बाबा दुआ के साथ दवा अपने आरोग्य शिविर में मरीजों को दे रहे हैं और लोग खुशी-खुशी आशीर्वाद लेते हुए अपने घर दवा लेकर शीघ्र ही बीमारी ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं।

# बच्चों को परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिये



**दमोह।** शास. स्कूल ईपीईएस शाला रंजरा में कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं को श्रीमती आभा नायक प्राचार्य महोदया जी द्वारा बच्चों को परीक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिये गए तथा बच्चों को परीक्षा में सहभागिता लेने हेतु बताया गया तथा बच्चों को सफल होने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया गया। बच्चों को परीक्षा में उपयोगी सामग्री पारदर्शी किट प्रत्येक बच्चे को विद्यालय की ओर से प्रदान की गई जिसमें दो पेन पेंसिल,इरेज़र, शार्पनर, स्केल, सामग्री रखी गई। जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ श्रीमती सपना हजारी, श्रीमती अनामिका श्रीवास्तव, श्रीमती वैजयंती प्रजापति, लखन सर, दुर्गेश राठौर,चंदन सिंह की उपस्थिति रही तथा सभी बच्चों के सफल होने की शुभकामनाएं दी गई।

# नुक्कड़ नाटक से टी बी स्क्रीनिंग के लिए कर रहे आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन के मार्गदर्शन में दमोह जिले में 100 डेज, नि_क्षय शिविर अभियान को सफल बनाने के लिए शासन की मनसा अनुसार कार्य करने के लिए सामाजिक क्षेत्र दमोह के मुक्ति सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंच के माध्यम से दमोह जिले के विभिन्न उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार प्रसार हेतु दो टीमें बनाई गई हैं। जिनका मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम में पात्र जनसंख्या जैसे मधुमेह के रोगी, 60 प्लस वाले, स्मोकर्स, शराब पीने वाले, 5 साल के टी बी मरीज, 2 साल के टी बी मरीज के संपर्क व्यक्ति, बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) जिनका 18 से कम है, आवासीय छात्रावास, वृद्ध आश्रम, जेल, रेन बसेरा, बीड़ी कंपनी, फैक्ट्री कारखाने आदि मैं कार्य करने वाले मजदूर श्रमिकों की टी बी स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे करने के लिए जन जागरूक किया जा रहा है, विगत 10 दिनों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन के विशेष प्रयास से दमोह जिले के ब्लॉक झलोन, तेजगढ़, सर्रा , तारादेही, नरसिंहगढ़, केरवना, बांदकपुर,कुम्हारी, मडियादो, वर्धा एवं शहरी क्षेत्र के विशेष क्षेत्र जहां जनसंख्या अत्यधिक जोखिम वाली रहती है वहां पर मुक्ति सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंच के साथियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक किया जा रहा है जिसमें टी बी से संबंधित लक्षणों एवं उपचार और शासन के द्वारा दी जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं को बखूबी बताया जा रहा है, उक्त नुक्कड़ नाटक की मॉनिटरिंग जिला TB अधिकारी डॉ गौरव जैन एवं डीपीसी श्री दीपक सिंह राजपूत के द्वारा की जा रही है ।



# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से आटो सवार युवक की मौत, चालक ट्रैक्टर लेकर फरार

## तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झलौन तेजगढ़ मार्ग पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बुधवार की शाम साढ़े सात बजे तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झलोन तेजगढ़ मार्ग पर गोहुची और बांसा के बीच एक ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के चलते हादसा घटित हो गया। इस हादसे में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से आटों सवार एक युवक की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है जहां तेन्दूखेड़ा जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव तेन्दूखेड़ा से घर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में घायल अवस्था में पड़े युवक को 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां डाक्टरों द्वारा युवक की हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। लेकिन स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर ही युवक ने दमतोड़ दिया जहां डाक्टरों द्वारा घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही तेन्दूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची मृतक की पहचान देवी सींग पिता मिनी गौड़ उम्र 40 वर्ष निवासी हरदुआ हाथी घाट थाना तेजगढ़ के रूप में हुई है। जहां गुरुवार की सुबह तेन्दूखेड़ा पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया ओर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

### बाजार से घर जा कर रहा मृतक

वहीं बताया गया है कि मृतक देवी सींग गौड़ शाम को झलौन से साप्ताहिक बाजार करके अपने घर जा रहा था लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया है। राहगीरों द्वारा बताया गया है कि मृतक युवक आटों के बाहर आधा लटका हुआ था जो ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया और यह हादसा हो गया। और इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं लोगों का कहना है कि हादसा लापरवाही की वजह से हुआ है अगर युवक का आधा हिस्सा आटों के बाहर नहीं होता तो यह हादसा नहीं होता और उसकी मौत नहीं होती पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# नपा परिषद के साधारण सम्मेलन में हंगामा

## पार्षदों ने भेदभाव के आरोप लगाये, बिना चर्चा किये सीएमओ चालू प्रभार उपयंत्री बैठक छोड़ कर भाग गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

नगर के चहुंमुखी विकास को लेकर नगर परिषद हिण्डोरिया के सभा कक्ष में 19 फरवरी 2025 दिन बुधवार को हुआ परिषद का साधारण सम्मेलन अध्यक्ष, उपयंत्री एवं पार्षदों के हंगामा की भेट चढ़ गया। बैठक की सीएमओ चालू प्रभार उपयंत्री मेडम ऐजेण्डा के विषय पर बिना चर्चा किये चली गई। जिसकी शिकायत पार्षदों ने विधायक हटा, कलेक्टर दमोह एवं सहायक संचालक नगरीय विकास एवं विभाग सागर से की। साथ ही साधारण सम्मेलन के पुनः आयोजन की मांग की।



इस सम्बन्ध में नपा उपाध्यक्ष बीबा बाई पटेल, पार्षद गनेश सिंह,पार्षद शमीम बानो, पार्षद रानी खातून, पार्षद क्रांति राजपूत, पार्षद सविता अहिरवार, पार्षद शबनम बानों एवं इनके प्रतिनिधियों लक्ष्मन पटेल, हबीब राजा चौहान, अन्नू राजपूत, शेख असीम, कालूराम अहिरवार, शान खान आदि का कहना है कि नपा उपयंत्री बबली राही व्दारा निर्माण कार्यो एवं विकास के कार्य कराने मे भेदभाव किया जा रहा है। निर्माण कार्यो मे अलग अलग वार्डो मे अलग अलग नियमों का पालन किया जा रहा है। पार्षदों के विरोध करने पर उपयंत्री व्दारा ठीक से व्यवहार नही किया जा रहा है पार्षदों को डरा धमका कर उन्हें कानूनी प्रपंचों मे फसाने की धमकी दी जाती है। बुधवार को जैसे जैसे हुये साधारण सम्मेलन मे 20 बिन्दूओं पर चर्चा होना थी। बैठक में बतौर सीएमओ चालू प्रभार उपयंत्री बबली राही मौजूद थी। मगर 12 बिन्दुओं पर भी ठीक से चर्चा नही की। पार्षदों के सवालों के संतोषजनक जबाव दिये बिना ही उपयंत्री बैठक से अचानक भाग गई। शेष 08 बिन्दुओं पर कोई चर्चा नही हुई। पार्षदों को बैठक में बुलाकर इस तरह भाग जाना जनप्रतिनिधियों का अपमान है। पार्षदों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से कर सम्मेलन पुनः आयोजित करने एवं नपा से गैरजिम्मेदार उपयंत्री को हटाने की मांग की है। साथ ही सभी वार्डों मे भेदभाव रहित निर्माण एवं विकास कार्य कराने की नपा ,जबाबदारी विभागों एवं आला अधिकारियों से मांग की है।

In The Court of II District Judge, District Court, Damoh
Presiding Officer : धर्मेश भट्ट
(MCA/0000003/2025)

दशरथ सींग.......................आवेदक Vs
आम जनता.......................अनावेदक

TID/553/2025
Process Id- /18/2025
पेशी दिनांक :-22/03/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- दमोह जिला दमोह

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ सींग पिता खुमान सींग गौड़ निवासी सगोरिया तहसील व जिला दमोह ने मृतक काशीबाई पति स्व. धनीराम गौड़ निवासी सलैया हटरी तहसील व जिला दमोह की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये एम जे सी सक्सेशन 3/2025 को प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड दमोह के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश दमोह में आवेदन किया था जो खारिज हो चुका है। जिसके विरूद्ध उक्त उल्लेखित अपील इस न्यायालय में दिनांक 22 March 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त अपील में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त अपील में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 March 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो अपील की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 19 February 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील

(धर्मेश भट्ट)
द्वितीय जिला न्यायाधीश
जिला दमोह (म.प्र.)

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।